# लाड़ली दया करो | By Kamal Ram Ji Das

हे अलबेली सरकार
लाड़ली दया करो
हे जग की पालनहार
मैं करता रहूं मनुहार
लाड़ली दया करो
किशोरी दया करो

छूटे ना मुझसे बरसाना
ममता रस मुझपे बरसाना
करो एक नज़र इस और
सब तुमपे दिया है छोड़
लाड़ली दया करो
स्वामिनी दया करो

करुणामयी सरकार तुम्ही हो
जीवन का आधार तुम्ही हो
सदा रखना सर पे हाथ
कभी छोड़ ना देना साथ
किशोरी दया करो
लाड़ली दया करो

तुम्ही लाड़ली मेरा सहारा
दास कमल है दास तुम्हारा
मैं गाऊं तेरे गीत
यूँ ही जीवन जाए बीत
श्यामा जू दया करो
स्वामिनी दया करो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%a6%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%8b-by-kamal-ram-ji-das/